अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/कुलसचिव/2020/1023 रीवा, दिनांक : 14.03.2020

अधिसूचना

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश, उच्च शिक्षा, विभाग के आदेश कमांक 249/68 सी.सी./38/20 भोपाल, दिनांक 13.03.2020 द्वारा राज्य के लोक स्वास्थ्य एवं लोक हित के दृष्टिगत, नोवेल कोरोना वाइरस (COVID-19) व उससे जनित बीमारी के संकमण से बचाव हेतु एहतियात के रूप में राज्य शासन द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया है–

1. म0प्र0 में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अवकाश रहेगा।
2. प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में संचालित वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन यथावत पूर्व निर्धारित कार्यकम के अनुसार किया जाएगा।
3. उक्त अवधि में समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में सामूहिक गतिविधियाँ जैसे कीड़ा गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों, सेमिनार एवं कार्यशाला इत्यादि सामूहिक गतिविधियों का संचालन स्थगित रहेगा।
4. उक्त अवधि में म0प्र0 के समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टॉफ संस्था में उपस्थित रहकर यथावत शासकीय/परीक्षा कार्य सम्पादित करेंगे।
5. उक्त अवधि में प्रदेश के समस्त अशासकीय महाविद्यालयों के शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टॉफ संस्था में उपस्थिति के संबंध में अपने स्तर पर स्वविवेक से समुचित निर्णय ले सकेंगे।

अतः शासन के उक्त आदेश के परिपालन में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में कक्षायें आगामी आदेश तक स्थगित रहेंगी तथा उपरोक्तानुसार अन्य समस्त कार्य निर्देशानुसार संचालित रहेंगे।

कुलसचिव 14/03/20

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन।
3. विशेष सहायक माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन।
4. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश।
5. विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभाग,अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय,रीवा।
6. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा संभाग रीवा।
7. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय।
8. डॉ. पी.के. राय, कम्प्यूटर सेल कृपया उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइड में अपलोड कराने की कृपा करें।
9. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निजसहायक।
10. सूचना पटल।

कुलसचिव